







# अवैध रूप से संचालित 59 वाहनों पर चालान की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, जिले में परिवहन विभाग ने यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया, जिसमें कुल 59 अवैध वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई.**

इस कार्रवाई में एसएलडी के बिना चलने वाले 5 वाहनों, फिटनेस सर्टिफिकेट न होने पर 10 वाहनों, पीयूसी प्रमाण-पत्र के अभाव में 10 वाहनों, बीमा न होने पर 10 वाहनों, व्हीएलटीडी न लगाने पर 6 वाहन, फर्स्ट एड बॉक्स न होने पर 6 वाहनों मे, अग्निशमन यंत्र न होने पर 6 वाहनों तथा रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न लगाने पर 6 वाहनों के चालान जारी किए गए. जो सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगी. परिवहन विभाग ने बताया कि यह अभियान रीवा-प्रयागराज हाईवे, हनुमना-सिरमौर रोड और शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाया गया. मुख्य फोकस वाहनों के तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर था, जिसमें ओवरलोडिंग, बिना परमिट के संचालन के अलावा उपरोक्त उल्लंघन शामिल थे. ये चालान वाहन मालिकों को नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं.

एसएलडी और व्हीएलटीडी जैसे डिवाइसों की कमी से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है, जबकि फिटनेस, पीयूसी, बीमा, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप जैसे सुरक्षा उपकरणों का अभाव यात्रियों की जान को जोखिम में डालता है. विभाग ने स्पष्ट किया कि यह अभियान परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा. इस कार्यवाही से 70,000 रुपया का जुर्माना वसूल किया गया. कार्यवाही जारी रहेगी.

# पीडब्ल्यूडी में 60 प्रतिशत तक बिलो रेट के काम कैसे होगे गुणवत्तापूर्ण?

## पीडब्ल्यूडी की दस निविदाओं में 40 प्रतिशत बिलों पर काम, ठेकेदार कैसे करेंगे गुणवत्ता का कार्य, केवल होती है लीपापोती

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, पीडब्ल्यूडी द्वारा बरसात के बाद सड़को की मरम्मत करने एवं अन्य कार्यो के लिये 10 निविदाएं आनलाइन खोली गई. जिसमें ठेकेदारो ने 60 प्रतिशत तक घटे हुए दर पर निविदाएं डाली थी और विभाग द्वारा स्वीकृत भी किया गया. अब सवाल यह उठता है कि इतनी कम राशि में ठेका पाने वाले ठेकेदार कैसे गुणवत्तापूर्ण काम करेगे.**



साफ है की इंजीनियरों की मिली भगत से काम में सिर्फ लीपापोती की जाएगी. कम राशि में ठेका पाने वाले ठेकेदार परफार्मेंस गारंटी राशि दोगुनी जमा करने के बाद काम करेगे. आनलाइन खोली गई निविदा को लेकर कई सवाल उठ रहे है. बिलो रेट पर काम पाने वाले ठेकेदार केवल विभाग को चूना लगाएगें. एक सवाल यह भी उठता है कि 60 प्रतिशत तक बिलो दर पर ठेके कैसे स्वीकार किये गये. सूत्र बताते है कि पीडब्ल्यूडी में हर काम के लिये कमीशन की राशि निर्धारित है और वह देने के बाद ही बिल बनेगा. मामला कार्यपलान यंत्री नितिन पटेल के पास पहुंचेगा. वर्षो से जमे इंजीनियर अपना खुराफाती दिमांग लगाकर ठेकेदार का बिल भी पास करा देगे. जो निविदाएं निकाली गई है उन सड़को का पहले निरीक्षण किया गया होगा, उसके बाद स्टीमेट तैयार किया गया होगा. तब जाकर कार्य निर्धारित किया गया होगा. तो अब कम रेट पर ठेकेदार कैसे काम करेगें गुणवत्तापूर्ण और कैसे कमीशन देगे. सब कुछ विभागीय मिली भगत से होता है, इसमें कोई संदेह नही है.

इस मामले में कार्यपालन यंत्री नितिन पटेल का कहना है कि आनलाइन निविदाएं डाली जाती है और खोली गई है. कई ठेकेदारो ने 50 से 60 प्रतिशत बिलो रेट पर काम किया है. उनके कामों के गुणवत्ता की जांच होगी, आनलाइन निविदाओ के लिये हम कुछ नही कह सकते है.

### क्या-क्या होगें काम, बिलो रेट का ठेका

छत रिपेयरिंग मरम्मत कार्य टीआरएस कालेज रीवा, पार्थ एसोसिएट्स 59 प्रतिशत, पैच रिपेयरिंग वर्क मऊगंज उपसंभाग अनमोल ट्रेडर्स एण्ड सप्लायर 60 प्रतिशत, पैच रिपेयरिंग वर्क लालगांव उपसंभाग मनगवां रामजी इंटरप्राइजेज 53.10 प्रतिशत, पैच रिपेयरिंग वर्क रायपुर कर्चुलियान उप संभाग मनगवां कृष्णा इंटरप्राइजेज 55 प्रतिशत, पैच रिपेयरिंग उप संभाग मनगवां कृष्णा इंटरप्राइजेज उपसंभाग मनगवां, पुताई पेंट आदि काम शामिल है.

### एआर मद के कार्यो में किया जाता है खेल

लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अपने चहेते संविदाकारो को उपकृत से नही चूकते है. कई खास संविदाकार और इंजीनियरो को नजदीकी रिश्तेदार मलाई खा रहे है. जिनके पास ठेकेदारी का लम्बा अनुभव नही वह भी इंजीनियरो के कृपा से काम पा रहे है और गुणवत्तापूर्ण काम भी नही कर रहे, बावजूद इसके उनके बिल पास होते है और काम भी पा रहे है. सूत्रो ने बताया कि ऐसे कई संविदाकार है जिन्हे एआर मद का कार्य मिला है. यह काम उन्ही को मिला है जो बेहद नजदीक है इंजीनियरों के, एआर मद से किये जाने वाले कार्यो की अगर जांच कराई जाय तो कई संविदाकार फस सकते है. सूत्रो की माने तो भुगतान में हिस्सेदारी रहती है और राशि का बंदरबाट होता है. एआर मद के जो कार्य होते है उनकी जांच कराई जाय तो इंजीनियर भी फस सकते है.

# उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नगर भ्रमण के दौरान लोक निर्माण विभाग के निर्माणाधीन संयुक्त कार्यालय भवन का निरीक्षण किया.**



उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को भवन का शेष निर्माण कार्य एक माह में पूरा कराने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराकर भवन का विधिवत लोकार्पण कराएं. लोक निर्माण विभाग के नवीन परिसर में सभी प्रमुख कार्यालय संचालित होने लगेंगे. इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने व्यंकट क्लब परिसर में निर्माणाधीन क्लब भवन का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने भवन का शीघ्र लोकार्पण कराने के निर्देश दिए. निरीक्षण के समय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.

# खाद वितरण व्यवस्था में बदलाव किया जाय : सुब्रत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, रीवा भारतीय किसान यूनियन म.प्र के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने सरकार जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि किसानो के लिए खाद वितरण की व्यवस्था मे तत्काल बदलाव किया जाय.**

कृषि उपज मडी प्रांगण मे स्थित काउन्टरो मे खाद के लिए पैसे जमा कर विपणन सघ की चोरहटा स्थित गोदाम से खाद आखिर किसान कब तक किलोमीटरो की दूरी तय करते रहेगे? विचार कर आवश्यक बदलाव किया जाय किसानो को किलोमीटरो की दूरी तय करने मे राहत दी जाय.

किसानो को कृषि उपज मंडी स्थित विपणन सघ की गोदाम से खाद दिलायी जाय साथ ही डबल लको, खाद वितरण गोदामो मे जहा खाद के लिए पैसे जमा कराये जाय.

## संक्षिप्त



### गोपाल देवी का दु:खद निधन

**रीवा**, खटखटी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट राजेंद्र द्विवेदी की माता श्रीमती गोपाल देवी का 94 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया वे कुछ दिनों से बीमारी से जूझ रही थी. उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल निज निवास पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की. शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में बृजवासी मिश्रा पूर्व प्राचार्य रामखेलावन मिश्र राजकिशोर गौतम रमेश उपाध्याय गुलाब तिवारी शंखमणि तिवारी चंद्रमणि मिश्र पाती भीमसेन शुक्ला डा बी आर शैलानी सहित क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे.

### कला संगम महोत्सव में लगी चित्रकला प्रदर्शनी

**रीवा,** दो दिवसीय कला संगम महोत्सव का होगा आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय भोपाल एवं आर्ट पॉइंट सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा द्वारा दो दिवसीय कला संगम का शुभारम्भ उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक 1 के सभागार में किया गया. इस दो दिवसीय कला संगम में प्रथम दिवस देश की प्रसिद्ध कलाकृतियों की प्रदर्शनी, चित्रकला, मूर्ति कला, और कला संवाद आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों जिसमे ऋषि जैन एवं प्रज्ञा पाण्डेय मुख्य वक्ता रहे एवं दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमे नाटक और नृत्य की प्रस्तुति आर्ट पॉइंट के कलाकारों के द्वारा दी जाएगी. चित्रकला एवं मूर्ति कला के विशेषज्ञों के तौर पर देश के प्रतिष्ठित चित्रकार सुधीर सिंह द्वारा चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया, चित्रकला प्रदर्शनी में प्रदेश के 100 से अधिक कलाकार शामिल हुए है.

### कैशलेश स्वास्थ्य बीमा का मिलेगा लाभ

**रीवा,** विद्युत कार्मिकों/पेंशनरों के लिए कैशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करवाने हेतु विद्युत पेंशन हित रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एवं प्रांतीय कार्यबाहक अध्यक्ष आरडी मिश्रा लगातार वर्षों से ऊर्जा मंत्री एवं उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करके यह महत्वपूर्ण योजना लागू करने हेतु प्रयासरत रहने के परिणामस्वरूप कार्मिकों एवं पेंशनर्स को बहुत बडी सफलता हासिल की गई है. विद्युत मंडल की सभी उत्तरवर्ती कंपनियों में सेवारत एवं सेवा निवृत्त/संविदा कर्मचारियों एवं अधिकारियों को इस योजना का लाभ मिलेगा. इस कैशलेश अंशदायी स्वास्थ्य योजना में नियमित अधिकारी/संविदा अधिकारी कर्मचारी/सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारी पेंशनधारी तथा उनके आश्रितों को भी समान रूप से योजना का लाभ प्राप्त होगा. इस योजना के लागू होने पर रीवा शाखा के संरक्षक पीपी शुक्ला, शरद श्रीवास्तव, आर एस द्विवेदी, प्रदेश संगठन सचिव शोभनाथ पटेल, कार्यबाहक अध्यक्ष अनिल पाण्डेय, सचिव अशोक मिश्रा, अनिल सिंह तिवारी, गणेश सिंह, आरपी द्विवेदी, सुनील कुमार मिश्रा, बृजेंन्द्र सिंह बघेल, अशोक शुक्ला, एसपी तिवारी, इंद्रजीत त्रिपाठी, बुध्दिमान सिंह, वैदेहीशरण चतुर्वेदी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है.

### लंबित पत्रों का निराकरण करें

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि समाधान ऑनलाइन में अक्टूबर माह के लिए एजेण्डा बिन्दु तय कर दिए गए हैं. इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, रासायनिक खाद और बीज का वितरण, नलजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति, नवीन राशनकार्ड जारी करना एवं कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना में मजदूरों के पंजीयन शामिल हैं. इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मेडिकल कालेज में प्रसूति सहायता योजना से राशि न मिलने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना आदि के आवेदन शामिल रहेगे.

# जिले में विदा होते मानसून से हुई 35 .8 मिलीमीटर वर्षा

## दिन भर रूक-रूक कर होती रही रिमझिम बारिश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, रीवा में मौसम इस समय सुहाना है, दूसरे दिन भी सुबह से रिमझिम बारिश का दौर जारी है. सुबह धूप निकलने के बाद 10 बजे से बारिश शुरू हुई और रूक-रूक कर रीवा एवं मऊगंज में बारिश हो रही है. अब तक जिले में 855.2 मिली मीटर वर्षा हो चुकी है. सबसे ज्यादा हुजूर एवं गुढ़ तहसील में वर्षा दर्ज की गई है.**



शनिवार को 35.8 मिली मीटर वर्षा हुई है. कई तहसीलो में कम वर्षा दर्ज की गई है. जवा और त्योंथर तहसील में अन्य तहसीलो के अपेक्षा कम वर्षा हुई है. इस बार समय पर बारिश शुरू हो गई थी. लेकिन अगस्त महीने में कम बारिश हुई है और अब मानसून विदा होने के साथ झमाझम बारिश अक्टूबर में शुरू है. मौसम विभाग की माने तो अभी दो दिन और बारिश की संभावना है. इस समय धान की फसल के लिये यह बारिश लाभदायक है. लेकिन अन्य फसलो के लिये नुकसान दायक है. गत वर्ष के अपेक्षा इस बार अच्छी वर्षा हुई है. दो दिन से मौसम सुहाना है, अधिकतम तापमान में गिरावट आने के साथ न्यूनतम तापमान भी कम हुआ है. शुक्रवार को अधिकत तापमान 28 डिग्री रहा. दिन भर हुई बारिश से कई जगह घुठने तक पानी भर गया. मानसून विदा होते जिले में अच्छी बारिश हुई है. उम्मीद है कि 900 मिली मीटर वर्षा हा जाएगी.

### जिले में अब तक 855 .2 मिली मीटर वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष मानसून की वर्षा नियमित और अच्छी हुई है. अभी भी वर्षा का क्रम जारी है. विदा होते मानसून से जिले में 4 अक्टूबर को 35 .8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन तहसील सेमरिया में 55 मिलीमीटर, हुजूर में 34 .3 मिलीमीटर, सिरमौर में 40 मिलीमीटर, मनगवां में 35 मिलीमीटर, जवा में 45 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 26 मिलीमीटर, गुढ़ में 36 मिलीमीटर और त्योंथर तहसील में 15 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. जिले में एक जून से अब तक 855 .2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 1224 .2 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 838 .6 मिलीमीटर, गुढ़ में 1238 मिलीमीटर, सिरमौर में 713 .8 मिलीमीटर, त्योंथर में 632 मिलीमीटर, सेमरिया में 845 मिली मीटर, मनगवां में 775 मिलीमीटर तथा जवा में 575 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई.

# पटाखा दुकानों का लाटरी से किया जाएगा आवंटन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी विक्रेता 14 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं.**

आवेदन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से करना होगा. शहरी क्षेत्र रीवा के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा. शहरी क्षेत्र में आतिशबाजी लायसेंस के नवीन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे. इस संबंध में अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन के साथ पुलिस चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट फोटो, वोटर आईडी, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति और 500 रूपये शुल्क लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा करना होगा. आतिशबाजी/पटाखा विक्रय के लिए अस्थाई लायसेंसधारी को बेसिक ट्रेनिंग स्कूल ग्राउंड खुटेही तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों में दुकान लगानी होगी. अपर जिला दंडाधिकारी ने बताया कि दुकानों का आवंटन 16 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से लाटरी द्वारा किया जायेगा. लायसेंसधारी दुकानदारों को 18 अक्टूबर से एक नवम्बर तक आतिशबाजी, पटाखा विक्रय के लिए बेसिक ट्रेनिंग स्कूल ग्राउंड खुटेही दुकान लगेगी.

## नोडल अधिकारी तैनात

**रीवा, 4 अक्टूबर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्वाचन संबंधी गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए उप संचालक जनसम्पर्क उमेश तिवारी को नोडल अधिकारी तैनात किया है. जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारी को निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं. जिससे लोगो को जानकारी मिल सके.

## धान उपार्जन के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर तक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है.**

उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है. ऑनलाइन पंजीयन 10 अक्टूबर तक किया जायेगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि किसान ग्राम पंचायत कार्यालय के सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं.

एमपी किसान एप अपने एन्ड्रायड मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं. इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में 50 रुपए का शुल्क देकर पंजीयन करा लें.



# शहर की यातायात व्यवस्था चौपट, जाम से नहीं मिल रही निजात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है, ऐसी कोई सड़क नही जहा जाम न लगता हो. मरीज को लेकर एम्बुलेंस भी जाम में फसी रहती है, लेकिन यातायात पुलिस कही नजर नही आती है.**



रिमझिम बारिश के बीच भी लोग जाम में फसे रहे. कई ऐसे चौराहे है जहा हर दो घंटे में जाम लगता है. यातायात पुलिस शहर की सड़को पर कम बाईपास एवं रिंग रोड़ पर ट्रको को पकड़ने में ज्यादा व्यस्त रहती है. चर्चा यह है कि एक एसआई शाम ढ़लने के बाद रिंग रोड़ और बाईपास में नजर आते है. शहर की यातायात व्यवस्था बनाने में नही दिखते. लोग जाम में फसे रहते है और खुद निकलने के लिये व्यवस्था बनाते है. घोड़ा चौराहा, प्रकाश चौराहा, व्यंकट मार्ग, अमहिया, धोबिया टंकी में अक्सर जाम लगता है. अस्पताल पहुंचने वाली एम्बुलेंस भी जाम में फसी रहती है. अभी शादी व्याह का समय नही चल रहा, उसके बाद भी जाम लगता है. जब गाड़ियो की आवाजाही सीजन में ज्यादा होती है उस समय तो जाम की स्थित और खतरनाक होती है. सिरमौर चौराहे में फ्लाई ओवर बनने के बाद भी लोगो को जाम से निजात नही मिल रही है.

# कुर्सी लगाकर बैठे विधायक तब मंदिर के आसपास से हटाया गया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, हनुमना नगर परिषद ने एक बार फिर महाविद्यालय एवं परदेश्वर मंदिर के आसपास किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की.**

पूर्व में नोटिस दी गई थी और अतिक्रमण भी हटाया गया था. लेकिन पुन: अतिक्रमण कर लिया गया था. स्थानीय विधायक के सख्त रवैये के बाद प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की. हनुमान नगर स्थित परदेश्वर मंदिर के पास तकरीबन आधा दर्जन मीट मटन मच्छी अंडे मुर्गी की दुकान बार-बार हटाए जाने के बावजूद पुन: वहां दुकान लगा ली जाती थी. जिससे लोगों में जहां आक्रोश रहा वही आज मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने इसे गंभीरता से लेते हुए सुबह 11:00 से 12:00 के बीच स्वयं वहां अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर कुर्सी लगाकर बैठ गए और मौके पर तहसीलदार, नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन को फोन कर बुलवाया और कालेज एवं मंदिर के आसपास किये गये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये. और कहा कि परदेश्वर मंदिर जैसे हिंदुओं के आस्था के केंद्र के अगल-बगल की मीट मछली की दुकानो को जब तक नहीं हटाया जाएगा तब तक यहां से हम लोग नहीं हटेंगे और फिर क्या था तहसीलदार शिवम गौतम, नगर परिषद मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरुण त्यागी तथा थाना प्रभारी अनिल काकडे दलबल के साथ जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए और 1:00 से 3:00 के बीच सभी दुकानो को हटा दिया गया. इस बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण त्यागी ने बताया कि कई बार अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिय गया तथा अतिक्रमण भी कई बार हटाया गया. लेकिन कार्यवाही के बाद पुन: दुकान लगा ली जाती थी.

### हमेशा चर्चा में रहते है विधायक

मऊगंज के विधायक प्रदीप पटेल हमेशा सुर्खियो में बने रहते है. फिर चाहे अतिक्रमण हटाने का मामला हो या किसानो के हित का मामला हो. मंदिर एवं महाविद्यालय के आसपास किये गये अतिक्रमण को लेकर लम्बे समय से स्थानीय लोग शिकायत कर रहे थे. अतिक्रमण हटवाने के लिये शनिवार को खुद मौके पर विधायक पहुंचे.